Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# चुनाव प्रचार में गए प्रत्याशी और समर्थक भी हो गए परेशान

**मौसम**

## उच्च हिमालयी गांवों में हिमपात और अन्य स्थानों पर बूंदबांदी

पिडर घाटी और रामगंगा घाटी में हिमपात हुआ

**संवाददाता**

बागेश्वर। मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। बुधवार को पिडर घाटी और रामगंगा घाटी में हिमपात हुआ है। जिले के अन्य क्षेत्रों में बूंदबांदी के कारण ठंड में बढ़ोतरी हो गई है। चुनाव प्रचार में गए प्रत्याशी और समर्थक भी परेशान हो गए हैं।

सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे। जबकि घाटी वाले क्षेत्रों में कोहरा रहा। दस बजे बाद बूंदबांदी शुरू हो गई और वह देर शाम तक नहीं थमी। जिसके कारण पिडर घाटी के जांतोली, खाती, बादियाकोट, धूर, उनिया और रामगंगा घाटी के कीमू गांव में हिमपात हो रहा है। यहां पहले से बर्फ जमी थी। स्थानीय



यामू सिंह, आनंद सिंह, तारा सिंह, चामू सिंह, रूप सिंह, दीवान सिंह आदि ने बताया कि लगभग एक से दो फीट तक बर्फ जमीं हुई है। फिर से हिमपात होने के कारण जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि नलों में पानी जम गया है। मवेशियों के लिए चारा आदि की दिक्कत हो गई है। बिजली और संचार सेवा भी पटरी से उतर गई है। बारिश के चलते ठंड में एकाएक इजाफा हो गया है। ठंड के कारण एक बार फिर चुनाव प्रचार भी प्रभावित होने लगा है। इसका सबसे अधिक असर कपकोट विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

**कत्यूर घाटी में बारिश ने बढ़ाई ठंडः** गरुड़। कत्यूर घाटी में बुधवार की सुबह से ही मौसम बदल गया। आसमान बादलों से घिर गया। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। कड़ाके की ठंड से लोग घरों में दुबक गए। ऊंचाई वाले स्थानों में हिमपात भी हुआ। बाजारों में भीड़ कम रही। ठंड के बावजूद नेताओं ने गांवों में खूब पसीना बहाया।

## न्यूज डायरी

### धर्मपुर सीट के निर्दलीय प्रत्याशी बीर सिंह पंवार ने विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

**संवाददाता** देहरादून। धर्मपुर के धर्म युद्ध में निर्दलीय प्रत्याशी बीर सिंह पंवार ने आज सुबह टिहरी नगर, मधुर विहार, ब्राह्मणवाला, ऋषि विहार,हरभजवाला, में डोर टू डोर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ भारी भीड़ दिखाई दी। उनके समर्थन में मातृशक्ति और युवा शक्ति लगातार हर जगह प्रचार कर रहे हैं। पंवार के समर्थक जगह–जगह मतदाताओं से बल्ले पर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। अपने पहाड़ी अंदाज में ढोल दमाऊं, मस्कबीन के साथ पंवार चुनाव प्रचार में उतरे हैं। लोगों का भी भरपूर सहयोग उन्हें मिल रहा है। पंवार ने धर्मपुर में त्रिकोणीय संघर्ष में अपने आप को खड़ा कर भाजपा और कांग्रेस की चिंता बढ़ा दी है। जगह–जगह वह अपनी बात को सरल तरीके से रख रहे हैं।

### व्हाट्सऐप पर यूजर्स को सुरक्षित रखने के लिए मुख्य फीचर्स

**संवाददाता** देहरादून। व्हाट्सऐप दुरुपयोग को रोककर ऑनलाईन सुरक्षा बढ़ाने के लिए एंड–टू–एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सर्विसेस में उद्योग में अग्रणी है। व्हाट्सऐप में हमारे यूजर्स की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऑनलाईन भ्रामक जानकारी और जाली खबरें फैलने से रोकने का कोई एक तरीका नहीं है, इसलिए व्हाट्सऐप ने यूजर्स को अपने दोस्तों व परिवार से बात करते वक्त सुरक्षित रखने के लिए उत्पाद में काफी निवेश किया है। व्हाट्सऐप पर यूजर्स की सुरक्षा को नियंत्रण में रखने के लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं ग्रुप प्राईवेसी सैटिंग्स व्हाट्सऐप की प्राईवेसी सैटिंग एवं ग्रुप इन्वाईट सिस्टम यूजर्स को यह निर्णय लेने में मदद करते है, कि ग्रुप में उन्हें किसके द्वारा जोड़ा जा सकता है।


### वीराम सिक्योरटीज का स्टॉक में 76 प्रतिशत उछला रियलटी क्षेत्र की ओर कदम बढ़ाए

**संवाददाता** देहरूदन। वीराम सिक्योरटीज लिमिटेड जो कि ब्रांडेड ज्वेलरी और आभूषणों में प्रमुखता से व्यापार करते हैं, ने हाल ही में आयोजित अपनी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में इक्विटी शेयर पर विचार किया और इसे जारी करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य 50 लाख अतिरिक्त इक्विटी शेयर रुपये 10 प्रति शेयर के मान से रुपये 5 करोड़ की पूंजी बढ़ाना है। बोर्ड ने यह भी अनुशंसा की है कि कंपनी का नाम बदलकर वीराम रियलिटीज लिमिटेड किया जाए। वर्तमान में कंपनी ज्वेलरी क्षेत्र में कार्यरत है और अपनी ज्वेलरी और आभूषणों का निर्माण विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की मांग के अनुसार तैयार करते हैं, जो कि विविध प्रकार की संस्कृतियों और आयु वर्ग से आते हैं।

## भाजपा का चुनाव घोषणापत्र जनता को गुमराह करने वाला

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के सीएम प्रत्याशी कर्नल अजय कोठियाल ने आज बीजेपी के दृष्टि पत्र को घोषणा के बाद इसे बेहद निराशाजनक घोषणापत्र बताते हुए कहा,इनके घोषणा पत्र में 2017 की तरह धरातल पर ना उतरने वाली योजनाओं का जिक्र किया है। उन्होंने कहा ये घोषणा पत्र पूरी तरह से जनता को गुमराह करने वाला है।

कर्नल कोठियाल ने कहा ,बीजेपी ने पिछले पांच सालों में भू कानून को कमजोर कर उत्तराखंड के लोगों के साथ मजाक किया आज वो भू कानून की बात कर रही। जिसने देवस्थानम बोर्ड के जरिए तीर्थ पुरोहितों की आवाज और हक को कुचलने की कोशिश की आज वो मंदिरों की बात कर रहे हैं। 2017 में रिक्त पदों को भरने की बात कहने वाली बीजेपी फिर से इस घोषणा पत्र में युवाओं के साथ छलावा करने की कोशिश कर रही है। जिस बीजेपी ने किसानों के साथ अत्याचार किया आज वो किसान सम्मान निधि की बात कर रहे। जो बीजेपी आप की मुफ्त योजना का विरोध करती थी आज वो हमारी राह पर चल पड़ी लेकिन इसके अलावा इनके घोषणापत्र में कहीं भी कोई विजन नहीं दिखाई देता सिर्फ हवा हवाई बात है जो जनता को गुमराह करने का जरिया है लेकिन उत्तराखंड की जनता समझदार है वो समझ चुकी है और अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली है। कर्नल कोठियाल ने कहा,ये घोषणा पत्र नहीं बल्कि जुमलों की बरसात है जो बीजेपी का चाल चरित्र है।



## यूकेडी प्रत्याशी ने अनिल डोभाल ने किया जनसंपर्क कर वोट मांगे

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर विधानसभा सीट से उक्रांद प्रत्याशी अनिल डोभाल ने बुधवार को सघन प्रचार वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कॉलोनी में किया। जनसम्पर्क करते हुए जनता के बीच प्रत्याशी अनिल डोभाल ने कहा कि उक्रांद राज्य की अपनों की सोच रखता है। रायपुर विधानसभा क्षेत्र मे आज भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मुलभुत सुविधाओं का आभाव हैं चाहे भिलांग, अस्थल हो या केसरवाला हो, आज भी वहां कि जनता सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा और शिक्षा की सुविधाओं के लिए तरस रही है। रायपुर क्षेत्र मे नगर निगम वार्डों की सफाई, सड़कों की दुर्दशा बनी है। जनता विश्वास करें, इस बार उक्रांद को मौका देती है तो जनता के साथ किये गए वादों को हम पूरा करेंगे।

# पर्यटक नगरी की जलापूर्ति ठप, बिजली ने भी रुलाया

**घंटों बत्ती गुल, गड़गड़ाते रहे जनरेटर**

**संवाददाता**

रानीखेत। हाड़ कंपाती सर्दी के बीच पर्यटक नगरी में पानी व बिजली के संकट ने दुश्वारियां दूनी कर दी हैं। चौबटिया से लगे वन क्षेत्र में चीड़ के विशालकाय पेड़ धराशायी हो गया। इससे बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सेना व छावनी के सिविल क्षेत्र की प्यास बुझाने वाली देवीढूंगा पंपिंग पेयजल योजना की पाइपलाइन भी जगह जगह ध्वस्त हो गई है। नतीजतन नगर क्षेत्र की जलापूर्ति ठप हो गई। कैंट बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि तीन दिन तक किल्लत झेलनी पड़ सकती है।

चौबटिया वन क्षेत्र में पेड़ गिरने से देवीढूंगा पंपिंग योजना की पाइप लाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे छावनी के सिविल क्षेत्र की आपूर्ति पूरी तरह भंग हो गई है। भीषण ठंड में पानी न मिलने से नगर व आसपास के वार्डों में 12869 की आबादी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोगों ने बताया कि स्टाक किया पानी समाप्ति की ओर है। सूत्रों के अनुसार सैन्य क्षेत्र में किसी तरह पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। कैंट बोर्ड की तकनीकी टीम दिनभर पेड़ को हटा लाइन की मरम्मत में जुटी रही। मगर लगातार बारिश से व्यवधान के कारण लंबा वक्त लग सकता है। उधर चिलियानौला पालिका क्षेत्र के बाशिंदे भी अनियमित जलापूर्ति से परेशान हैं। लोगों के अनुसार जरूरत के अनुरूप पानी नहीं मिल पा रहा है।

रानीखेत नगर क्षेत्र में एक बार फिर बिजली संकट बढ़ गया है। मौसम खुलने के बाद ऊर्जा विभाग ने बाजार क्षेत्र में पुरानी जर्जर लाइनों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया था। इस वजह से शटडाउन लेना पड़ा। मगर बुधवार को बारिश के बीच कई स्थानों पर फाल्ट आने से तड़के से आपूर्ति भंग हो गई। हालांकि बीच में कुछ समय के लिए बिजली आई भी। मगर पूरे दिन व्यवस्था ध्वस्त रही। अधिशासी अभियंता भास्कर पांडे ने बताया कि तकनीकी टीम मुस्तैद है। जल्द व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

## पार्टी अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले चार और नेताओं को कांग्रेस ने किया निष्कासित

**संवाददाता** देहरादून।। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव के निर्देश पर यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य हंसपाल बिष्ट, सुनील वरूण, वरदेव सिंह, उर्वीदत्त गुरूली को पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं अनुशासनहीनता के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन है तथा इसमें यदि अनुशासनहीनता होती है तो उसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा तथा जो भी पार्टी अनुशासन की लाईन पार करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।